पत्र सूचना शाखा

**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मंत्रिपरिषद ने 'ऑपरेशन सिन्दूर' के सफल क्रियान्वयन पर प्रधानमंत्री एवं भारतीय सेना द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों के प्रति अभिनन्दन प्रस्ताव पारित किया

**लखनऊ : 15 मई, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में आज यहां सम्पन्न मंत्रिपरिषद की बैठक में 'ऑपरेशन सिन्दूर' के सफल क्रियान्वयन पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं भारतीय सेना द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों के प्रति अभिनन्दन प्रस्ताव पारित किया गया।

मंत्रिपरिषद एवं प्रदेश की जनता की ओर से पारित इस प्रस्ताव के अनुसार भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा 'ऑपरेशन सिन्दूर' के सफल क्रियान्वयन ने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता और आतंकवाद के खिलाफ अडिग रुख को प्रदर्शित किया है।

मंत्रिपरिषद भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य, साहस और प्रतिबद्धता को नमन करते हुए उनका हृदय से अभिनन्दन करती है। राष्ट्र की रक्षा में समर्पित हमारे वीर सैनिकों पर पूरे उत्तर प्रदेश को गर्व है।

'ऑपरेशन सिन्दूर' के सफल क्रियान्वयन हेतु मंत्रिपरिषद राष्ट्र को यशस्वी नेतृत्व प्रदान करने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती है। सम्पूर्ण राष्ट्र आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। यह ऑपरेशन हमारी शक्ति एवं एकात्मता तथा देश की रक्षा करने के हमारे सामूहिक संकल्प का प्रमाण है।

--------

***PN-CM-Cabinet Prastav-Operation Sindoor-15 May, 2025***